POLICE COMMISSIONERATE
GAUTAM BUDH NAGAR
सराहनीय कार्य /प्रेस विज्ञप्ति - दिनाकं 16.05.2025

1.थाना सेक्टर-63 पुलिस द्वारा गांजे की तस्करी करने वाला 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 20 किलो 800 ग्राम गांजा (कीमत करीब 03 लाख रुपये) व तस्करी में प्रयुक्त स्विफ्ट कार बरामद।

कार्यवाही का विवरण-- दिनांक **16.05.2025** को **थाना सेक्टर-63** पुलिस द्वारा लोकल इंटेलिजेंस एवं गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए गांजे की तस्करी करने वाला अभियुक्त विशाल पुत्र तेजपाल को मैट्रो पिलर नं0-36 के पास से **गिरफ्तार** किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से **20 किलो 800 ग्राम गांजा (कीमत करीब 03 लाख रुपये) व तस्करी में प्रयुक्त स्विफ्ट कार बरामद** की गयी है। अन्य अभियुक्त की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे है।

अपराध करने का तरीका-- अभियुक्त विशाल उपरोक्त द्वारा अपने अन्य साथी के साथ मिलकर उड़ीसा से गांजा लाकर नोएडा सहित समस्त एनसीआर क्षेत्र में सप्लाई करता था। अभियुक्त द्वारा बरामद स्विफ्ट कार रजिस्ट्रेशन नं0 UP16 EH 1734 का गांजा तस्करी में प्रयोग किया जाता था। अभियुक्त के अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण--

विशाल पुत्र तेजपाल निवासी ग्राम शिवपुरी, थाना अफजलगढ़, बिजनौर वर्तमान पता ग्राम बहलोलपुर थाना सेक्टर-63 नोएडा, गौतमबुद्धनगर, उम्र 25 वर्ष।

पंजीकृत अभियोग का विवरण--

मु0अ0सं0 224/2025 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना सेक्टर-63 नोएडा, कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।

बरामदगी का विवरण--

1. 20 किलो 800 ग्राम गांजा (कीमत करीब 03 लाख रुपये)
2. तस्करी मे प्रयुक्त स्विफ्ट गाड़ी (रजिस्ट्रेशन नं0 UP16 EH 1734)

2. थाना रबूपुरा पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र के साथ एक अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

कार्यवाही का विवरण-- दिनांक **16.05.2025** को **थाना रबूपुरा पुलिस** द्वारा लोकल इंटेलिजेंस व गोपनीय सूचना की सहायता से अवैध शस्त्र के साथ एक अभियुक्त अमित शर्मा पुत्र स्व0 हरिबाबू शर्मा को थाना क्षेत्र से **गिरफ्तार** किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से एक अवैध पौना .315 बोर बरामद किया गया है।

अभियुक्त का विवरण--

अमित शर्मा पुत्र स्व0 हरिबाबू शर्मा निवासी ग्राम पचोकरा, थाना रबूपुरा, गौतमबुद्धनगर उम्र 34 वर्ष।

पंजीकृत अभियोग का विवरण--

मु0अ0सं0 97/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना रबूपुरा, कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।

बरामदगी का विवरण--

01 अवैध पौना .315 बोर